लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

संख्या : लविवि/पनिका/22–1022
दिनांकः 21.03.2022

संशोधित कार्यालय ज्ञाप

एतत्द्वारा लखनऊ विश्वविद्यालय एवं सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि **विषम सेमेस्टर दिसम्बर–2021 स्नातक/परास्नातक/प्रबन्धकीय स्नातक/प्रबन्धकीय परास्नातक/विधि/डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों के (प्रथम सेमेस्टर)** के नियमित/बैक पेपर एवं इक्जेम्टेड **परीक्षा** के ऑनलाइन परीक्षाफार्म **www.lkouniv.ac.in and www.exam.luonline.in** पर भरने की अन्तिम तिथि **दिनांक 23.03.2022 तक पुनः विस्तारित की जाती है।**

1. लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षाफार्म के साथ अलग से कोई शुल्क नही जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर सेमेस्टर की शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। संकायाध्यक्ष/विभगाध्यक्ष कार्यालय द्वारा जमा किये गये परीक्षाफार्मो की सूची **दिनांक 25.03.2022** तक अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में जमा करना है।
2. बैकपेपर/इम्प्रूवमेन्ट/इक्जम्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरकर परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करते हुए परीक्षाफार्म एवं शुल्क रसीद सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष कार्यालय में जमा करना है। सम्बन्धित संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा भरे गये परीक्षाफार्मो की सूची **दिनांक 25.03.2022** तक परीक्षा विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
3. सहयुक्त महाविद्यालयों के समस्त कक्षाओं के छात्र/छात्राओं को ऑन लाइन भरे गये परीक्षाफार्म को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।
4. समस्त सहयुक्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि परीक्षा विभाग द्वारा उपलब्ध कराये गये लॉगिन के माध्यम से परीक्षाफार्मो को अग्रसारित करते हुए उक्त ऑनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्मो की अनुमोदित सूची के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क लखनऊ विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर उपलब्ध लिंक **online fees submission के माध्यम से नेटबैकिंग/डेबिट व केडिट कार्ड/आर0टी0जी0एस0/एन0एफ0टी0 अथवा एच0डी0एफ0सी0 के किसी भी शाखा में जमा करते हुए** समस्त परीक्षाफार्मो की सूची शुल्क रसीद सहित निम्नानुसार परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क0सं0	**जनपद का नाम**	**तिथि**
1.	लखनऊ रायबरेली एंव सीतापुर, हरदोई एवं लखीमपुर	25.03.2022 तक

5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्यो से अनुरोध है कि अनुमोदित सूची (Verified List) के साथ समस्त छात्रों की अन्तिम परीक्षा की अंकतालिका एवं टी0सी0/माइग्रेशन प्रमाण पत्र एवं शुल्क पावती परीक्षा विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
6. **विषय एवं नाम परिर्वतन हेतु विद्यार्थी का परीक्षाफार्म डिलिट करने की सुविधा महाविद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध है, परीक्षाफार्म डिलिट होने के उपरान्त पुनः परीक्षाफार्म भरकर अग्रिम कार्यवाही करें।**
7. छात्रों द्वारा ऑनलाइन भरे गये परीक्षा फार्म में किसी प्रकार की त्रुटि/समस्या हेतु ई–मेल lu@helpenable.com पर मेल कर सकते है।
8. उपरोक्त तिथि विस्तार अंतिम है तथा इसके पश्चात कोई भी परीक्षा फार्म या शुल्क स्वीकार किया जाना संम्भव नही होगा।

अतः समस्त महाविद्यालयों से अनुरोध है कि निर्धारित तिथि तक संगत प्रपत्र विश्वविद्यालय में अवश्य जमा कराना सुनिश्चित करें, अन्यथा कि स्थिति में महाविद्यालय के विद्यार्थियों की परीक्षा कराया जाना सम्भव नही होगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

21.3.2022.

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।

पृष्ठाकंन संख्या एवं दिनांकः उपरोक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. समस्त सकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
4. कुलानुशासक।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या, सहयुक्त महाविद्यालयों को इस आशय से प्रेषित कि अपने महाविद्यालय से सम्बन्धित छात्रों को सूचित कर उनके परीक्षाफार्म निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन भरवाने का कष्ट करें, जिससे तिथि समाप्त होने के उपरान्त छात्रों को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़ें।
6. निदेशक, आई0पी0पी0आर0।
7. सहायक कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय/प्रभारी, वेवसाइट,।
8. कार्यालय अधीक्षक परीक्षा/कक्षा सहायक, (सम्बन्धित कक्षा)
9. अधीक्षक (कैश–पुराना)/सूचना एवं गाइडेन्स ब्यूरो।
10. परीक्षा नियंत्रक कार्यालय।

21.3.2022.

परीक्षा नियंत्रक
लखनऊ विश्वविद्यालय।